बिहार सरकार
कृषि विभाग

बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), बिहार, पटना

बामेती कॉमप्लेक्स, पटना में सिक्यूरिटी गार्डस् की सेवा उपलब्ध कराने हेतु एजेंसी/कम्पनी के चयन के लिए निविदा आमंत्रण

बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना द्वारा अनुभवी एवं ख्याति प्राप्त सुरक्षा एजेंसियों से जिनके द्वारा भारत के कम से कम चार राज्यों में 10 वर्षों तक सुरक्षा गार्ड की सेवा, सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थानों को उपलब्ध कराई गई हो तथा जिनका वार्षिक टर्न ओवर विगत तीन वर्षों में कम से कम चार करोड़ रूपये (प्रत्येक वर्ष) अथवा उससे अधिक हो, लाह मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन सूचना प्रकाशन की तिथि से निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस को 11.00 बजे पूर्वाहन से 5.00 बजे अपराहन तक बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), महिला पॉलीटेक्नीक कॉलेज के सामने, जगदेव पथ, पो0ऑ0 – बिहार भेटनरी कॉलेज, पटना 800014 से 2,000 रू0 नगद भुगतान/ राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट जो सामेती पटना को देय होगा के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।
2. सभी निविदायें उपर्युक्त पते पर निबंधित/स्पीड पोस्ट/कोरियर सर्विस एजेंसी के माध्यम से दिनांक 04.04.2018 के 5.00 बजे अपराहन तक बामेती कार्यालय पहुँच जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
3. निविदा दिनांक 05.04.2018 को 11.00 बजे पूर्वाहन में निदेशक कृषि, विकास भवन, नया सचिवालय, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में मूल्यांकन समिति के सदस्यों एवं प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के उपस्थितिम में खोला जाएगा।
4. कम से कम 04 राज्यों में सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों को 10 वर्षों तक सुरक्षा गार्ड की सेवा उपलब्ध कराने का अनुभव प्राप्त हो तथा जिनका तीन वर्षों का वार्षिक टर्न ओवर (प्रत्येक वर्ष) चार करोड़ रू0 हो के प्रमाण पत्र उपस्थापन के उपरांत निविदा प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा।
5. निविदा दाता द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा गार्ड की शर्तें, तकनीकी एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप एवं योग्यता की शर्तें, निविदा प्रक्रिया से संबंधित पूर्ण जानकारी निविदा प्रपत्र में अंकित है।
6. निविदा की प्राप्ति या खोलने की तिथि को परिवर्तित करने तथा किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकृति या अस्वीकृत या स्थगित करने का अधिकार निदेशक, बामेती के पास सुरक्षित रहेगा।

06/4/18

निदेशक
बामेती, बिहार, पटना